D.No. 2879
19/11/2026

कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी (म.प्र.)

// ई – निविदा विज्ञप्ति //

जिला न्यायालय कटनी, तहसील मुख्यालय बरही, विजयराघवगढ एवं ढीमरखेडा में स्थापित सी.पी.यू./सी.सी.टी.व्ही बैकअप/सर्वर रूम हेतु **(पुरानी बैटरी को बॉयबैक करते हुए) एक्साइड/एमरॉन** कंपनी की नवीन बैटरी क्रय करने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। इच्छुक व्यापारी / विक्रेता / निर्माता अपनी ई – निविदायें https://mptenders.gov.in के माध्यम से 500/– रु. की फीस ऑनलाईन पेमेंट कर दिनांक 16/12/2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

पोर्टल पर प्राप्त ई–निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 17/12/26 को विभागीय क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी एवं टेक्निकल बिड में पात्र पाये जाने वाले निविदाकर्ताओं की फायनेंसियल बिड दिनांक 21/12/26 को खोली जावेगी। ई–निविदा की शर्तें एवं सामग्री की संपूर्ण जानकारी म.प्र उच्च न्यायालय की वेवसाईड www.mphc.gov.in जिला न्यायालय कटनी की बेवसाईड https://katni.dcourts.gov.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जहां से ई–निविदा प्रारूप एवं शर्तें डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सूचना जिला न्यायालय कटनी की वेबसाईट एवं सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

(जितेन्द्र कुमार शर्मा)
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कटनी (म0प्र0)

D.No. 2880/26
19/11/26

कार्यालय–प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी (म.प्र.)

// ई – निविदा शर्तें //

01. निविदा https://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदायें, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी के नाम से सिर्फ Online Mode में ही प्राप्त की जावेगी।

02. कय किये जाने वाली सामग्री का विवरण निम्नानुसार है :–

क.	जिला न्यायालय/ तहसील	Liebert iTON LB 1000 VA	Vertiv 1000 VA (LIU)	Vertiv Liebert iTon CX 1000VA
1	कटनी	20	9	70
2	बरही	2	–	2
3	विजयराघवगढ	2	–	–
4	ढीमरखेडा	2	1	1
	कुल योग –	**26**	**10**	**73**
	कुल आवश्यकता :–	**26 x 1 = 26**	**10 x 2 = 20**	**73 x 2 = 146**
1	SERVER ROOM KATNI **(Exide/Amaron)**	5KVA, UPS, 12V, **65AH** BATT TYPE : VRLA		**20 नग Batteries**
2	CCTV CAMERA ROOM KATNI **(Exide/Amaron)**	MODEL NUMERIC HP Max, 5KVA, UPS, 12V, **28AH,** BATT TYPE : VRLA		**20 नग Batteries**

नोटः– पुरानी बैटरी को बॉयबैक करते हुए :– एक्साइड/एमरॉन

03. बैटरियों के निर्माण की अवधि पिछले 03 महीने की अवधि के भीतर होनी।

04. फर्म को ओईएम (OEM) वेण्डर का सर्टिफिकेट प्राप्त होना चाहिए।

05. कय आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर संस्था/फर्म को समस्त सामग्री स्वयं के व्यय पर पहुँचाना होगा।

06. उक्त बैटरियों को जिला न्यायालय भवन कटनी में इंस्टालेशन किए जाने के पश्चात् जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, कटनी के सत्यापन/हस्ताक्षरित करवाया जाकर इस कार्यालय को प्रेषित किया जावे।

07. फर्म को अपने कोटेशन में बैटरी के मेक/मॉडल/वारंटी/बोल्ट/एम्पीयर का स्पष्ट उल्लेख करना होगा।

08. फर्म को बैटरियों की न्यूनतम 02 साल की **ऑनसाइड** वारंटी देनी होगी।

09. फर्म को अपने संबंधित इंजीनियर जिनके द्वारा सेवाएं प्रदान किया जाना है, उनका नाम एवं मोबाईल नंबर प्रदान करना होगा।

10. उक्त बैटरियों का इंस्टालेशन रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् 15 दिवस के अंदर कार्यालय अनुभाग से भुगतान की कार्यवाही किया जावेगा।

11. उक्त बैटरियों के संबंध में शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित फर्म समस्या का तत्काल निराकरण करेंगे।

12. नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् निविदा प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जायेगा।

13. आदेशानुसार सामग्री/बैटरियों को न्यायालय तक पहुंचाने एवं इंस्टालेशन जिला मुख्यालय कटनी/बरही/विजयराघवगढ/ढीमरखेडा में कराये जाने का समस्त दायित्व निविदाकार का होगा।

14. निविदा एवं निविदा के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों में निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एव सील होना आवश्यक है।

15. निविदा से संबधित शर्त एवं प्रदाय किये जाने वाले सामग्री की सूची माननीय उच्च न्यायालय म.प्र. जबलपुर की बेवासाईट www.mphc.gov.in, जिला न्यायालय कटनी की वेवसाईड https://dcourtkat.gov.in एवं https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है, जहां से ई–निविदा प्रारूप एवं शर्ते डाउनलोड की जा सकती है।

16. निविदाकार, वाणिज्यकर/जी.एस.टी. पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करे तथा साथ ही फर्म ने आयकर अदा किया है उस पर कोई कर बकाया नहीं है, स्पष्ट करे।

17. निविदाकारों के सुरक्षा निधि के रूप में 12,000/–रुपये की ईएमडी राशि ऑनलाईन जमा करनी होगी।

18. किसी भी शर्त के भंग होने पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटनी को अनुबंध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा तथा सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

19. शासन द्वारा लागू जी.एस.टी. की दरें अधिक या कम होने पर विचारणीय होगा।

20. सपूर्ण सामग्री की दरे समस्त करों सहित दी जाये।

21. निविदा खोली जाते समय सर्वप्रथम तकनीकी बिड खोली जायेगी। जिस निविदाकर्ता द्वारा ईएमडी की राशि एवं तकनीकी बिड से संबंधित चाहे गए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे, उन निविदाकर्ताओं की निविदा पर वित्तीय विड के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा। तकनीकी विड में सफल निविदाकर्ताओं की ही वित्तीय विड खोली जायेगी।

22. निविदाओं द्वारा सामग्री की जो भी दरें दी जायेगी, वह अनुबंध अवधि तक यथावत रहेगी निविदाकारों द्वारा कियी भी वस्तु की दर बढ़ाने हेतु किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

23. निविदा प्रस्तुत करते समय निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु श्री प्रियल दुबे, जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, जिला न्यायालय कटनी के मोबाईल नंबर 79875–57216 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कटनी (म.प्र.)